# मुख्यमंत्री ने बायो-एथेनॉल प्रदर्शन संयंत्र का किया लोकार्पण

## चर्चा में क्यों?

- 27 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में बायोफ्यूल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये दुर्ग ज़िले के ग्राम गोढ़ी में स्थापित अत्याधुनिक बायो एथेनॉल प्रदर्शन संयंत्र का वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया।

## प्रमुख बिंदु

- भारत सरकार के सीएसआईआर और सीएसएमआरआई के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) द्वारा इस संयंत्र की तकनीकी डिज़ाइन और ड्राईंग तैयार की गई है।
- सीबीडीए द्वारा दुर्ग ज़िले के ग्राम गोढ़ी स्थित बायोफ्यूल कॉम्प्लेक्स परियोजना परिसर में स्थापित 1जी बायो-एथेनॉल प्रदर्शन संयंत्र में विशुद्ध रूप से जैवईंधन अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ जैसे कि जैवईंधन उत्पादन, प्रसंस्करण और रूपांतरण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में कार्य हेतु स्थापित किया गया है।
- संयंत्र में स्थानीय कच्चा माल के रूप में छत्तीसगढ़ में उपलब्ध स्टार्च युक्त कंपाउंड जैसे कि अधिशेष धान, अनाज, जैसे गेहूँ, चावल के खराब दाने, जो के खाने योग्य न हों, गन्ने का रस, मोलासेस, मक्का आदि का उपयोग किया जाएगा।
- गौरतलब है कि बायो-एथेनॉल संयंत्र में प्रारंभिक तौर पर मार्कफेड में उपलब्ध खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 के फीड 2 श्रेणी के अधिशेष धान का क्रय कर बायो-एथेनॉल उत्पादन का प्रयोगमूलक (अनुसंधान) कार्य जारी है। बायोफ्यूल कॉम्प्लेक्स परियोजना परिसर में एक अत्याधुनिक बायो-टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला की स्थापना भी की गई है।
- प्रयोगशाला में बायो-एथेनॉल का भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार गुणवत्ता परीक्षण, सह-उत्पाद का उपयोग की क्षमता बढ़ाने के लिये दक्षता सुधार और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा जहाँ संभव हो पेटेंट पंजीकृत किये जाएंगे।


GLASS LINED REACTOR



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-bio-ethanol-demonstratio-plant